C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 5:16 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 7:00 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 160 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 16 दिसंबर 2025

फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स में...पेज-3 पर

## दिल्ली के कई इलाकों में 400 के पार दर्ज किया गया एक्यूआई

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

राजधानी दिल्ली में मंगलवार सुबह धुंध, कोहरे के साथ स्मॉग की मोटी चादर भी दिखाई दी। राजधानी का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 381 दर्ज किया गया। वहीं, कई इलाकों में एक्यूआई 400 के पार है।

दिल्ली-एनसीआर में दमघोंटू हवा से परेशानी को कोहरे और ठंड ने और बढ़ा दिया है। मंगलवार सुबह की धुंध और कोहरा दिखाई दिया। वहीं, स्मॉग की मोटी चादर भी दिखाई दी। इस कारण कई इलाकों में दृश्यता भी बेहद कम रही। वहीं, एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के अनुसार, मंगलवार



सुबह राजधानी का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 381 दर्ज किया गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के सुबह सात बजे को आंकड़ों के अनुसार, राजधानी दिल्ली के अलीपुर में एक्यूआई 377, आनंद विहार में एक्यूआई 406, अशोक विहार में 410, आया नगर में 339, बवाना में 403, बुराड़ी में 376, चांदनी चौक इलाके में 438 एक्यूआई दर्ज किया गया है। वहीं, डीटीयू में 425, द्वारका सेक्टर 8 में 391, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 इलाके में 323, आईटीओ में 402, जहांगीरपुरी में 426, लोधी रोड 341, मुंडका 426, नजफगढ़ में 348, पंजाबी बाग में 405, रोहिणी 356, विवेक विहार 411, सोनिया विहार 393, आरकेपुरम 397, वजीरपुर में 426 दर्ज किया गया है।

सोमवार को लगातार तीसरे दिन हवा गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। सुबह की शुरुआत धुंध और कोहरे से हुई। वहीं, पूरे दिन आसमान में स्मॉग की मोटी चादर भी दिखाई दी। इस कारण कई इलाकों में दृश्यता भी बेहद कम रही। ऐसे में जहरीली गैस से बचने के लिए लोगों ने एन95 मास्क का सहारा लेते नजर आए। इससे लोगों को आंख में जलन व सांस के मरीजों को परेशानी हुई। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 427 दर्ज किया गया। यह हवा की गंभीर श्रेणी है। इसमें रविवार की तुलना में 34 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई।

दूसरी ओर, एनसीआर में ग्रेटर नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 447 दर्ज किया गया, यह हवा की गंभीर श्रेणी है। वहीं, गाजियाबाद में 444, नोएडा में 437 और गुरुग्राम में 345 एक्यूआई दर्ज किया गया। फरीदाबाद की हवा सबसे साफ रही। यहां सूचकांक 211 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है।

**News कॉर्नर**

### ट्रक की टक्कर से कक्षा 7 का छात्र गंभीर, पैर फैक्चर



रुद्रपुर। तीन पानी डाम जाने वाले रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में एक तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार सातवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि साइकिल ट्रक के अगले पहिए के नीचे आ गई, हालांकि गनीमत रही कि छात्र की जान बाल बाल बच गई। हादसे में छात्र का पैर फैक्चर हुआ है और सिर में भी गंभीर चोटें आई हैं।घायल को नजदीक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ लगता देख आरोपी चालक वाहन छोड़ भाग गया। छात्र के परिजन भी पहुंच गए। घटना मंगलवार सुबह की बताई जा रही है। छात्र साइकिल से स्कूल जा रहा। स्कूल गंगापुर रोड पर स्थित है। लोगों के मुताबिक घना कोहरे के कारण सामने से आ रहे वाहन ठीक से दिखाई नहीं दे रहे थे।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और वाहन को कब्जे में ले लिया है। मौके पर मौजूद लोगों ने प्रशासन से मांग की कि स्कूल समय के दौरान भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई जाए। साथ ही तीन पानी क्षेत्र में दो पुलिस कर्मियों की तैनाती की मांग की गई। बता दें कि गंगापुर रोड पर कई स्कूल है। स्कूल समय पर भारी वाहन भी निकलते हैं। इससे हादसे होने की संभावना रहती है। जाम के भी हालात रहते हैं। फिलहाल एक बड़ा हादसा होते होते बच गया।

**सात बसें और तीन कारें टकराने से लगी आग**

## कोहरे के चलते वाहन टकराए छह की मौत, 80 से ज्यादा घायल

**नई दिल्ली**

एजेंसी

दिल्ली-आगरा एक्सप्रेसवे पर मथुरा जिले में घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण मंगलवार को बड़ा हादसा हुया। सात बसें और तीन कार में आग लगने से छह लोगों की मौत हुई। हालांकि, फिलहाल प्रशासन ने चार मौतों की पुष्टि की है। दमकल कर्मियों ने देर रात कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मौके पर डीएम, एसएसपी समेत सीओ और एसडीएम भी पहुंचे।

मथुरा में दिल्ली-आगरा एक्सप्रेसवे पर मंगलवार तड़के भीषण हादसा हो गया। घने कोहरे में सात बसें और तीन कारें आपस में टकरा गईं। इसके बाद वाहनों में आग लग गई। सूचना पाते ही इलाके की पुलिस और जिला प्रशासन मौके पर पहुंच गया। छह लोगों के मरने की खबर है और 80 से अधिक लोग घायल हुए हैं। हालांकि, स्थानीय प्रशासन ने चार लोगों के मरने की पुष्टि की है। देर रात हुए हादसे के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर राहत-बचाव कार्य के लिए 11 फायरबिग्रेड की गाड़ियों के अलावा 14 एम्बुलेंस भेजी गई। दमकल कर्मियों द्वारा आग पर काबू पा लिया गया है, वहीं एक्सप्रेसवे के इस हिस्से में यातायात को अस्थायी रूप से रोका गया है। एक प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक, पहले एक दुर्घटना हुई, जिसके बाद तीन से छह बसों में आग लग गई। हादसे के समय बसें पूरी तरह भरी हुई थीं और सभी सीटों पर यात्री मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि वह हादसे के वक्त सो रहा था। अचानक जोरदार आवाज के साथ आग फैल गई, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।



### मुख्यमंत्री ने मुआवजे का किया एलान

मुख्यमंत्री ने मथुरा सड़क हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है। साथ ही घायलों के समुचित और बेहतर इलाज के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है और प्रशासन की ओर से हर जरूरी मदद उपलब्ध कराई जा रही है।

## शोरूम से स्कूटी चोरी करने वाले शातिरों को किया गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

शहर में स्कूटी चोरी की घटनाओं पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शोरूम से स्कूटी चोरी करने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हिमांशु पुत्र विनोद (23 वर्ष) के रूप में हुई है, जिसके कब्जे से चोरी की गई तीन स्कूटी एक्टिवा बरामद की गई हैं।

हल्द्वानी के रामपुर रोड स्थित श्री बालाजी मोटर्स से तीन स्कूटी चोरी होने के मामले में 12 दिसंबर को शोरूम संचालक जेश बंसल की शिकायत पर एफआईआर संख्या 406/25, धारा 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टी.सी.के निर्देश पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच तेज की। पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी मनोज कत्याल के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सैनी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह मेहता के नेतृत्व में गठित टीम ने 14 दिसंबर 2025 को आरोपी को हल्द्वानी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

बरामदगी के आधार पर मामले में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जबकि उसके आपराधिक इतिहास की जांच जारी है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक मनोज कुमार (चौकी प्रभारी टीपी नगर), हेड कांस्टेबल दिगंबर सनवाल, कांस्टेबल अनिल टम्टा और कांस्टेबल युगल मिश्रा शामिल रहे।



## वैदिक मंत्रोचार के साथ हुए आदिबदरी मंदिर के कपाट बंद

**चमोली**

हमारे संवाददाता

भगवान श्रीआदिबदरी मंदिर के कपाट वैदिक मंत्रोचार एवं परंपराओं के साथ एक माह के लिए बंद कर दिए गए। सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे मंदिर के कपाट बंद हुए। इससे पहले मंदिर में सुबह से भगवान आदिबदरी की पूजा की गई और कड़ाह भोग लगाया गया।

इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन किए।

ब्रह्ममुहूर्त में सोमवार को पुजारी चक्रधर थपलियाल ने भगवान आदिबदरी को सप्तशिंधु के जल से स्नान कराया और उनका शृंगार किया। दिन में मंदिर परिसर में कपाट बंद के लिए समारोह शुरू हुआ। इसका उद्घाटन करते हुए विधायक अनिल नौटियाल ने कहा कि आदिबदरी में बारहमासी धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।

कार्यक्रम में जीआईसी आदिबदरी और महिला मंगल दल जुलगढ, जैम, थापली, स्यालकोट, ढमकर, मैतोली ने भी लोक नृत्य व लोक गीतों की प्रस्तुति दी। समारोह में मंदिर समिति के अध्यक्ष जगदीश बहुगुणा, पूर्व जिपंस विनोद नेगी, समिति के महासचिव हिमेंद्र कुंवर, कोषाध्यक्ष बलवंत भंडारी, उपाध्यक्ष पुष्कर रावत, गंगा रावत, यशवंत भंडारी, कैप्टेन गैणा सिंह आदि उपस्थित थे।

## हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव नतीजे: डीसीएस रावत अध्यक्ष, सौरभ बने महासचिव

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

बार एसोसिएशन के चुनाव में कुल 1689 मतदाताओं में से 1112 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। सुबह 10 बजे से मतदान शुरू हुआ जो शाम चार बजे तक चला। इसमें वन वोट, वन बार के नियम को कड़ाई से लागू किए जाने के लिए सभी अधिवक्ताओं से मतदान से पूर्व शपथपत्र भरवाया गया। नैनीताल हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर डीसीएस रावत ने 668 वोट पाकर एकतरफा जीत हासिल की है। अध्यक्ष पद पर दूसरे स्थान पर रहे डीके जोशी ने 249 मत पाए। महासचिव पद पर कांटे के मुकाबले में सौरभ अधिकारी विजयी रहे। महिला उपाध्यक्ष पद पर मीना बिष्ट ने अपनी प्रतिद्वंद्वी चेतना लटवाल पर भारी मतों से जीत दर्ज की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सुशील वशिष्ठ ने प्रेम कौशल को पराजित किया। कोषाध्यक्ष पद पर शुभ्र



रस्तोगी ने गुरुवाणी सिंह को हराया। बार एसोसिएशन के चुनाव में कुल 1689 मतदाताओं में से 1112 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। सुबह 10 बजे से मतदान शुरू हुआ जो शाम चार बजे तक चला। इसमें वन वोट, वन बार के नियम को कड़ाई से लागू किए जाने के लिए सभी अधिवक्ताओं से मतदान से पूर्व शपथपत्र भरवाया गया। मतदान के दौरान लंच समय में हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी, न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल, न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित, न्यायमूर्ति आलोक मेहरा भी मतदान स्थल पहुंचे। ये सभी न्यायाधीश पूर्व में हाईकोर्ट बार के सदस्य रहे हैं। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रहे हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी कुर्बान अली, सलाहकार रविन्द्र बिष्ट, पर्यवेक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता एमसी कांडपाल, डॉ. महेंद्र पाल सहित चुनाव अधिकारियों की टीम शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव की व्यवस्था में जुटे रहे। मतदान के लिए उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चमोली, रुद्रप्रयाग सहित सभी जिलों से अधिवक्ता पहुंचे थे। कनिष्ठ कार्यकारिणी के चार सामान्य सदस्य पद के लिए गौरव पंवार, नीलम गोदियाल, रचित तिवारी, विक्रम धपोला, देवेंद्र सिंह (छोटू), पंकज सेमवाल, सिद्धार्थ सिंह नेगी, स्वलेहा हुसैन (सना) समेत कुल आठ प्रत्याशियों के बीच चुनावी मुकाबला रहा। वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के 5 पदों के लिए छह अधिवक्ताओं ने नामांकन किया था। सौरभ पांडे के नाम वापस लेने के बाद भुवनेश जोशी, मनोज कुमार शर्मा, निरंजन कुमार भट्ट, शिवांगी गंगवार एवं विश्व प्रकाश बहुगुणा निर्विरोध चुने गए। कनिष्ठ उपाध्यक्ष के सामान्य पद के लिए गौरव कांडपाल, उप सचिव (प्रशासन) के पद के लिए विश्वस्त कांडपाल, उपसचिव (प्रेस) के पद पर प्रसन्ना कर्नाटक, पुस्तकालयाध्यक्ष पद पर अविदित नौलियाल, वरिष्ठ कार्यकारिणी (महिला) के पद पर श्रुति जोशी, कनिष्ठ कार्यकारिणी (महिला) के पद पर उन्नति पंत निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं।

# डीएम ने ली योजनाओं व 20 सूत्रीय कार्यक्रम की मासिक बैठक

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने सोमवार को विकास भवन सभागार भीमताल में जिला, राज्य तथा केन्द्र एवं बाह्य सहायतित योजनाओं व 20 सूत्री कार्यक्रम की मासिक बैठक लेते हुए विकास कार्यों की गहनता से समीक्षा की।

जिलाधिकारी रयाल ने समीक्षा के दौरान विभिन्न विभागों जिनके द्वारा वर्तमान तक कम धनराशि व्यय की गई है और धीमी प्रगति है उन विभागीय अधिकारियों का स्पष्टीकरण लेते हुए 15 दिन के भीतर बेहतर प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों को जिला योजना, राज्य योजना तथा केंद्र पोषित तथा बाह्य सहायतित योजनाओं में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त धनराशि से कराए जा रहे विकास कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की भी विभागवार समीक्षा की गई। इस दौरान जिला योजनांतर्गत उद्योग विभाग, लोक निर्माण विभाग, लघु सिंचाई तथा समाज कल्याण एवं चिकित्सा विभागों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष कम धनराशि व्यय किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन विभागों के अधिकारियों का स्पष्टीकरण लेते हुए अगले सप्ताह तक प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार राज्य योजनांतर्गत विधायक निधि में कम धनराशि व्यय होने के संबंध में जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि वह जनपद के सभी विधायकों से शीघ्र प्रस्ताव प्राप्त करने हेतु अर्ध शासकीय पत्र प्रेषित करें तथा व्यक्तिगत रूप से भी उनसे संपर्क कर प्रस्ताव लेना सूचित करें। इसी प्रकार राज्य योजना अंतर्गत जल संस्थान,समाज कल्याण, अनुसूचित जाति कल्याण तथा पर्यटन, प्राथमिक शिक्षा, जिला पंचायत की धीमी प्रगति पर भी संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल प्रगति लाने के निर्देश दिए।

जिला अर्थ एवं संखयाधिकारी मुकेश नेगी ने वर्तमान तक की प्रगति की योजनावार जानकारी दी। उन्होंने अवगत कराया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में जिला योजना अंतर्गत जिले को 70 करोड़ 20 लाख 50 हजार की धनराशि शासन से प्राप्त हुई थी जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 4744.35 लाख कुल 68प्रतिशत धनराशि व्यय कर ली गई है। इसी प्रकार राज्य योजना में 72 प्रतिशत तथा केन्द्र पोषित में 93प्रतिशत व बाह्य सहायतित में शत प्रतिशत धनराशि व्यय हो गई है।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की हीलाहवाली बर्दास्त नहीं की जाएगा। जो अधिकारी गंभीरता पूर्वक एवं जिममेदारी से कार्य नहीं करेंगे उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।डीएम ने कहा कि निर्माण कार्य जहॉ भी हो रहे हों कार्य प्रारंभ होने से पूर्व जीपीएस फ टोग्राफ मुहैया कराने के साथ ही कार्य पूर्ण होने के बाद की फोटोग्राफ मुहैया कराएंगे। जिलाधिकारी ने सभी निर्माण कार्यों का थर्ड पार्टी सत्यापन कराने के भी निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि कार्य गुणवत्तापूर्ण व समयबद्धता से हों इस हेतु अधिकारी स्वयं समय समय पर मौके पर जाकर कार्यों का निरीक्षण करें। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जिले में 20 सूत्री कार्यक्रम की प्रगति की भी मदवार समीक्षा की गई। 20 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत 42 मदों में जिनमें वर्तमान में ए श्रेणी में 26 जबकि बी श्रेणी में 12 और डी श्रेणी में 4 विभाग शामिल हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बी एवं डी श्रेणी में जो विभाग हैं वह लक्ष्य पूर्ति कर ए श्रेणी में लाने के लिए ठोस कदम उठाएं। उन्होंने 20 सूत्री कार्यक्रम में वर्तमान में 4 मदों में डी श्रेणी प्राप्त वाले विभागों जिसमें जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना तथा बायोगैस संयन्त्र हैं से संबंधित विभागों पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी विभागों को प्रत्येक दशा में ए श्रेणी लाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि शासकीय कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी व लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। अधिकारियों के जो दाईत्व हैं उनका शत प्रतिशत अनुपालन करना सुनिश्चित करें।बैठक में जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, एपीडी चंदा फ र्त्याल, जिला अर्थ एवं संखयाधिकारी मुकेश नेगी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




## सेंट जॉन्स स्कूल वार्षिक पुरस्कार वितरण का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित स्कूल सेंट जॉन्स स्कूल में सोमवार को वार्षिक पारितोषिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें विद्यालय में वर्ष भर आयोजित खेल तथा कला एवं शैक्षणिक गतिविधियों के आधार पर छात्र छात्राओं को बतौर मुखय अतिथि भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी कविता गंगोला तथा विशिष्ट अतिथि श्री राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह तथा कालेज की प्रधानाचार्या श्रीमती विनीता रावत द्वारा पुरस्कृत किया गया। बता दें प्रतियोगिताओं में हिंदी काव्य पाठ, अंग्रेजी काव्य पाठ,कला समेत हिन्दी लेखन, अंग्रेजी लेखन,वार्षिक खेल प्रतियोगिता के पुरस्कार प्राप्त कर छात्र छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे । इस अवसर पर कालेज की उप प्रधानाचार्य पूनम बिष्ट समेत ज्योति त्रिपाठी, लता फ र्त्याल रावत, किरन मेर, आशा जोशी, मोनिका वर्मा, अनीता बोरा, रुचि साह, पल्लवी जोशी, शाहीन, किरण रतूड़ी, पूजा आर्या,विक्रम सिंह रावत, हर्षिता आर्या, तुलसी मेहरा, पूनम बिष्ट तथा रेनू बिष्ट एवं समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में प्रधानाचार्या विनीता रावत ने सभी का आभार जताया।

## स्वास्थ्य सचिव को राष्ट्रीय सम्मान मिलने पर नैनीताल में मिष्ठान वितरण

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सूबे के स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार को राष्ट्रीय सममान प्राप्त होने पर सीएमओ डा.हरीश चंद्र पंत ने सोमवार को अपने कार्यालय में मिष्ठान वितरित कर हर्ष व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार दूरदर्शिता और उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार को पबलिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय सममान दिया गया है जो उत्तराखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई दिशा देने व दुर्गम क्षेत्रों में गुणवत्तापूरक सेवाएं पहुंचाने और तकनीकी आधारित समाधानों को प्रभावी रूप से लागू करने व उनके सतत प्रयासों की सशक्त पहचान है। बताया कि डॉ. आर राजेश कुमार के नेतृत्व में टैली मेंडिसिन का विस्तार और एयर एंबुलेंस जैसी महत्वपूर्ण पहल माँ. शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों का सुधारीकरण और आधारभूत ढांचे का सशक्त निर्माण हुआ है।

इस दौरान डॉ. गौरव कुमार, मदन सिंह मेहरा, तुलसी, दीपा जोशी, सरयू नंदन जोशी, दीवान सिंह बिष्ट, दीपक कांडपाल व सपना जोशी उपस्थित रही।



## NEWS / फटाफट

### खिलाड़ी आरती आर्या राष्ट्रीय फुटबाल प्रतियोगिता हेतु चयनित



**नैनीताल** । झारखंड में आयोजित होने वाली विद्यालयी राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में नगर के प्रतिष्ठित मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज की छात्रा आरती आर्या का चयन हुआ है। छात्रा राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सोमवार को झारखण्ड के लिए रवाना हो गई है। छात्रा की इस बेहतरीन कामयाबी पर विद्यालय के मैनेजर विनय शाह, प्रधानाचार्या शबनम अहमद तथा क्रीड़ा प्रभारी पुष्पा दर्मवाल समेत रश्मि पुरोहित व फुटबॉल कोच भगवत मेर और समस्त स्टाफ ने छात्रा को बधाई दी है और उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### संत एंथोनी इंटर कालेज के विद्यार्थियों ने खाद्य सामग्री बांटी

**नैनीताल** । नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट स्थित संत एंथोनी इंटर कालेज के विद्यार्थियों ने क्रिसमस मिलन के तौर पर वृद्ध, दिव्यांग और बेसहारा लोगों के लिए राशन और खाद्य सामग्री एकत्र कर मोतीनगर हलद्वानी स्थित मदर टेरेसा केंद्र में वितरित की गई। इस दौरान अध्यापक,अध्यापिकाओं तथा सिस्टर्स के साथ गए छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देते क्रिसमस तथा भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। बच्चों ने केंद्र में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति से भेंट की और सेवा और योगदान देने का संकल्प लिया।

### नैनीताल में स्कूटी की चपेट में आने से बुजुर्ग चोटिल

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल क्षेत्र में स्कूटी की चपेट में आने से एक बुजुर्ग चोटिल हो गया। उपचार के बाद बुजुर्ग को छुट्टी दे दी गई है।

जानकारी के अनुसार सोमवार को तल्लीताल राजभवन क्षेत्र में भुवन राम सड? पार कर रहे थे। इस दौरान वह सामने से आ रही स्कूटी की चपेट में आ गए। स्कूटी की चपेट में आने से वह सड? पर गिरकर चोटिल हो गए, साथ ही स्कूटी सवार भी चोटिल हो गया। राहगीरों ने दोनों चोटिलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डाकटर से उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी है। हांलाकि चोटिल बुजुर्ग के परिजनों ने अस्पताल में हंगामा काटकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान, तीन ट्राली सामान किया जब्त

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

नगर निगम द्वार बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। चौक बाजार से शुरू हुए अभियान के दौरान बगैर वेंडिंग कार्ड वाले फड़-ठेला व्यवसायियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दुकानों के बाहर सड़क पर रखा हुआ सामान टिम द्वारा जब्त कर लिया गया। कारखाना बाजार में एक गुड़ व्यवसायी की दुकान पर मिली गंदगी पर व्यावसायी के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त अतिक्रमण करने वाले पांच दुकान स्वामियों के 11 हजार के चालान करने के साथ ही दुकानों के बाहर रखा तीन ट्रैक्टर ट्रॉली सामान जब्त कर लिया। टीम ने चौक बाजार, सदर बाजार, कारखाना बाजार और पटेल चौक क्षेत्र में अभियान चलाया।नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने दुकानदारों को आगाह किया कि यदि उनके द्वारा दुकान के आगे सड़क पर फड़ ठेला लगवाया पाया गया तो उनके खिलाफ भी सख्त चालानी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस तरहां का अभियान आगे भी जारी रहेगा। अभियान के दौरान निगम के लेखाधिकारी गणेश भट्ट, कोतवाल विजय मेहता सहित नगर निगम व पुलिस की टीम मौजूद रही।



## प्रतिष्ठानों पर लग रहे कर को लेकर विधायक से मिले

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, जिला नैनीताल की ग्रामीण इकाई मुखानी कुसुमखेड़ा के व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता के नेतृत्व में माननीय विधायक बंशीधर भगत से मिला। इस दौरान नगर निगम में हाल ही में जोड़े गए नए वार्डों के अंतर्गत आने वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर लगाए जा रहे कर को लेकर व्यापारियों की समस्याओं से विधायक को अवगत कराया गया।

व्यापारियों ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा स्पष्ट रूप से यह आश्वासन दिया गया था कि पूरे क्षेत्र में 5 वर्षों तक किसी भी प्रकार का टैक्स नहीं लिया जाएगा, किंतु वर्तमान में मात्र 3 वर्षों के भीतर ही व्यापारियों को टैक्स नोटिस जारी किए जा रहे हैं तथा कुछ छोटे व्यापारियों से वसूली भी की जा चुकी है। यह स्थिति व्यापारियों के साथ अन्यायपूर्ण है और



इससे व्यापारी वर्ग में रोष व्याप्त है। व्यापारियों ने यह भी प्रश्न उठाया कि जब भवन कर में 5 वर्षों की छूट दी जा सकती है, तो व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को इस राहत से वंचित क्यों रखा जा रहा है। विधायक बंशीधर भगत ने व्यापारियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि वे इस विषय पर माननीय मुख्यमंत्री से शीघ्र वार्ता कर टैक्स को 5 वर्षों के बाद लागू कराने का प्रयास करेंगे। साथ ही विधायक जी ने आज ही देहरादून जाकर मुख्यमंत्री से मिलकर व्यापारियों को तत्काल राहत देने एवं कर वसूली पर रोक लगाने की बात रखने का भरोसा दिलाया। उनसे मिलने वालों में दीपक गुरुरानी, भास्कर त्रिपाठी ,हरीश मतपाल , दीपक कपिल , अन्जू कपिल ,कन्नू कपिल ,प्रदीप भट्ट जी ,एडवोकेट ओली ,दिनेश जोशी ,सतीश वर्मा , रक्षित वर्मा आदि लोग मौजूद थे।

# अभिमत

## धरती प्यासी

*'जल ही जीवन है' का नारा सिर्फ लिखने और बोलने तक सीमित है। सच यह है कि जल संरक्षण, जल स्रोतों के रखरखाव और पेयजल की दीर्घकालीन योजनाओं पर अमल नहीं हो रहा है। ग्लेशियर सिमट रहे हैं। सदानीरा नदियों का जल स्तर गिर रहा है। प्राकृतिक जलस्रोत सूख रहे हैं। भूगर्भीय जल स्तर लगातार गिर रहा है। हिमालय की गोद में बसे उत्तराखंड के महानगर हल्द्वानी में भूगर्भीय जलस्तर पिछले दो माह में 45 फिट नीचे चला गया। ट्यूबवेल सूखने लगे हैं। आवासीय कालोनियां विकसित होती जा रही हैं और आबादी बढ़ रही है।*

मानव के साथ ही पशु-पक्षी के जीवन के लिए जल अनिवार्य आवश्यकता है। दुनिया के अनेक देशों की तरह भारत में भी पेयजल का संकट गहराता जा रहा है। 'जल ही जीवन है' का नारा सिर्फ लिखने और बोलने तक सीमित है। सच यह है कि जल संरक्षण, जल स्रोतों के रखरखाव और पेयजल की दीर्घकालीन योजनाओं पर अमल नहीं हो रहा है। ग्लेशियर सिमट रहे हैं। सदानीरा नदियों का जल स्तर गिर रहा है। प्राकृतिक जलस्रोत सूख रहे हैं। भूगर्भीय जल स्तर लगातार गिर रहा है। हिमालय की गोद में बसे उत्तराखंड के महानगर हल्द्वानी में भूगर्भीय जलस्तर पिछले दो माह में 45 फिट नीचे चला गया। ट्यूबवेल सूखने लगे हैं। आवासीय कालोनियां विकसित होती जा रही हैं और आबादी बढ़ रही है। जिस तरह आबादी बढ़ रही है, उस अनुपात में पेयजल उपलब्ध कराने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। भाबर क्षेत्र में हल्द्वानी सबसे बड़ा शहर है। तीन दशक पहले तक हल्द्वानी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में गौला नदी के जल का शोधन करके पेयजल की आपूर्ति होती थी। आबादी कम थी और गौला नदी में भी पर्याप्त जल था। आबादी बढ़ने और गौला नदी का जल स्तर गिरने पर पेयजल के लिए ट्यूबवेल के बोरिंग किये गये। पिछले दस साल में महानगर की आबादी तेजी से बढ़ी। ट्यूबवेल की संख्या बढ़ाई गई। अब शहर और ग्रामीण क्षेत्र में दर्जनों ट्यूबवेल हैं, फिर भी पेयजल की किल्लत बढ़ती जा रही है। ट्यूबवेल सूखने का कारण भूगर्भीय जल स्तर का गिरना है। भूगर्भीय जल स्तर के गिरने की वजह यह है कि आवासीय कालोनियां विकसित होने और सड़कों के निर्माण से कच्ची भूमि का क्षेत्रफल सिमट रहा है। बारिश का जल जमीन सोख नहीं पाती है। भूमि खुद प्यासी है तो लोगों की प्यास कैसे बुझा सकती है। जलवायु में परिवर्तन से उत्तराखंड में हिमपात और बारिश में कमी आई है। पहाड़ से लेकर तराई तक पेड़ों के अंधाधुंध कटान से जलवायु में बदलाव आया है। पर्वतीय क्षेत्र में प्राकृतिक जलस्रोत झरने, गाढ़-गदेरे आदि सूखते जा रहे हैं। हिमपात होने के बाद बर्फ पिघलती है और जमीन पानी को सोखती है। हिमपात से जलस्रोत रीचार्ज होते थे। ग्रीष्मकाल में ग्लेशियर पिघलते थे और नदियों में जल आता था। नदियों के जल से तराई और मैदानी भाग में भूगर्भीय जल स्तर बढ़ता था। तराई और मैदानी क्षेत्र में उद्योगों ने जल का दोहन बढ़ा दिया है। कृषि भूमि कम होती जा रही है। जल संकट के लिए उद्योग जिम्मेदार हैं। पर्यावरण को नुकसान भी उद्योगों से हो रहा है। कृषक पर्यावरण का मित्र है। किसान सिंचाई में पानी इस्तेमाल करता है और जमीन उसे सोख लेती है। जल स्तर नहीं गिरता है।

# भारतीय ज्ञान प्रणाली पर 6 दिनी बेसिक प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के आईकेएस प्रभाग के मार्गदर्शन में कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल स्थित मदन मोहन मालवीय शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आधारित 6 दिवसीय बेसिक ट्रेनिंग प्रोग्राम का सोमवार को विधिवत शुभारंभ हुआ।



कार्यक्रम में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र तथा पंजाब से आए कुल 100 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। पहले दिन डॉ. रुचिका सिंह (समन्वयक आईकेएस प्रभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार) ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से संकाय सदस्यों को आईकेएस आधारित पाठ्यवस्तु, शिक्षण विधियों एवं मूल्यांकन पद्धतियों की स्पष्ट समझ विकसित करने का अवसर मिलेगा उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण सत्रों के दौरान भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों, पाठ्यक्रम संरचना, शिक्षण अधिगम मॉडल तथा आईकेएस के समकालीन अनुप्रयोगों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। यूजीसी ने आशा व्यक्त की है कि यह कार्यक्रम देश में भारतीय ज्ञान प्रणाली के सुदृढ़ अकादमिक एकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

कार्यक्रम में डॉ. प्रशांत उपाध्याय (दिल्ली विश्वविद्यालय)ने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली बहु.विषयक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करती है और यह आधुनिक अनुसंधान पद्धतियों को मानवीय मूल्यों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। प्रो. दिव्या यू. जोशी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल परंपरा का अध्ययन नहीं, बल्कि नवाचार, स्थायित्व और स्थानीय ज्ञान को वैश्विक विमर्श से जोड़ने का एक प्रभावी मंच हैवहीं प्रो. रीतेश साह ने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली को शिक्षण एवं शोध से जोड ?र उच्च शिक्षा को अधिक प्रासंगिकए समाजोन्मुखी और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रो. हरिप्रिया, प्रो. एकता सिंह, प्रो. रीना सिंह, डॉ. युगल जोशी, डॉ. कुबेर गिंती, डॉ. दीपा, डॉ निशु भाटी, डॉ मोहित रौतेला, डॉ दीपक मेलकनी सहित कुमाऊँ विश्वविद्यालय के अनेक संकाय सदस्य व शोधार्थी उपस्थित रहे।

## लोअर मॉलरोड का ट्रीटमेंट पूरा होने से पहले ही अपर मॉलरोड पर उभरी दरारें

**नैनीताल** । नैनीताल में क्षतिग्रस्त लोअर मॉलरोड का ट्रीटमेंट कार्य के दौरान ही अपर मॉलरोड पर दरारें उभरना शुरू हो गया है। दरारें बढ़ी तो नगर का यातायात प्रभावित हो सकता है।

बता दें लोअर मॉलरोड के उपचार के दौरान सूचना कार्यालय से यातायात का संचालन अपर मॉलरोड से ही किया जा रहा है। जिसके चलते अपर मॉलरोड में वाहनों का दबाव बढ़ गया है। वहीं लोअर मॉलरोड में मशीन से ड्रिल कार्य चल रहा है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम विक्रम सिंह से बदलकर विक्रम सिंह रैकवाल रख लिया है अतः भविष्य में मुझे विक्रम सिंह रैकवाल नाम से जाना, पहचाना जाये। - **विक्रम सिंह रैकवाल पुत्र आनन्द सिंह, 1 B, राजारानी विहार, करायल पो० अनन्दपुर, हल्द्वानी ( नैनीताल )**

# खुर्पाताल में हुई राज्य निर्माण सेनानी वेलफेयर एसोसिएशन उत्तराखंड की कार्यकारिणी की बैठक

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

राज्य निर्माण सेनानी वेलफेयर एसोसिएशन उत्तराखंड की कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को नैनीताल के समीपवर्ती क्षेत्र खुर्पाताल में आयोजित की गई।



बता दें बैठक में एसोसिएशन के केन्द्रीय अध्यक्ष भुवन चंद्र जोशी ,संरक्षक पान सिंह रौतेला, महासचिव प्रभात ध्यानी व खड़क सिंह बगड़वाल, कोषाध्यक्ष मनमोहन सिंह कन्याल, उपाध्यक्ष पान सिंह सिजवाली, केंद्रीय संगठन मंत्री कंचन चंदोला, विधि सलाहकार लीला बोरा तथा आडिटर तारा सिंह जबकि बतौर मुखय अतिथि के रूप में नैनीताल विधान सभा के पूर्व विधायक और वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी डॉ. नारायण सिंह जंतवाल उपस्थित रहे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में एडवोकेट मोहन कांडपाल जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता खड? सिंह बगड़वाल ने की। इस अवसर पर सभी उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने एकमत होकर राज्य निर्माण सेनानी वेलफेयर एसोसिएशन उत्तराखंड के निर्माण को लेकर खुशी व्यक्त की गई और उत्तराखंड राज्य और उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों की समस्याओं का समाधान हेतु एकमत होकर शासन-प्रशासन से वार्ता करके उनके समाधान हेतु प्रयास करने के लिए लगातार संघर्ष करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर नई कार्यकारिणी के सदस्यों को वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी डा. नारायण सिंह जंतवाल द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई और केंद्रीय कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नैनीताल जिले के जिलाध्यक्ष के रूप में गणेश सिंह बिष्ट और अल्मोड़ा जिलाध्यक्ष के रूप में वीरेंद्र बजेठा को मनोनीत किया गया और उनसे कार्यकारिणी के विस्तार हेतु शीघ्र बैठक करने को निर्देशित किया। इस अवसर पर डॉ. सुरेश डालाकोटी, दीवान सिंह कनवाल तथा पान सिंह नेगी, बिशन सिंह मेहता तथा तारा सिंह अन्य लोग उपस्थित रहे।

## फिल्मी दुनिया

# फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स में आलिया ने लूटी लाइमलाइट



*फिल्मफेयर ओटीटी अवार्ड्स 2025 का आगाज आज हो रहा है। मुंबई में आयोजित इवेंट में कई लोकप्रिय सितारे रेड कार्पेट पर शिरकत करते दिखे हैं।*

*फिल्मफेयर ओटीटी अवार्ड्स 2025 का आयोजन आज सोमवार 15 दिसंबर, 2025 को मुंबई में हो रहा है। विजेताओं के नाम के एलान के साथ ही उन्हें सम्मानित किया जाएगा। इवेंट में सबसे पहले टेक्निकल विनर्स को अवॉर्ड दिए गए हैं। आलिया भट्ट भी इस अवॉर्ड शो में पहुंचीं। ब्लैक कलर के आउटफिट में वे बेहद खूबसूरत अंदाज में नजर आई। इस दौरान वे सान्या मल्होत्रा से गले मिलती दिखीं। अवॉर्ड नाइट में आलिया, विक्की कौशल और अनन्या पांडे के साथ बैठी दिखीं। इस इवेंट में जयदीप अहलावत से लेकर अनन्या पांडे तक कई सेलेब्स ने हिस्सा लिया है। कुछ ने रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरा है। अनन्या पांडे खूबसूरत अंदाज में पहुंची हैं। वहीं, जयदीप अहलावत भी दमदार लुक में दिखे। इसके अलावा विक्की कौशल ने भी अवॉर्ड नाइट में पहुंचकर चार चांद लगा दिए। उन्होंने इस दौरान पाताल लोक सीजन 2 को अपनी फेवरेट सीरीज बताया। अभिनेत्री श्रिया सरन फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स के इवेंट में पहुंची हैं। वे ब्लू कलर के आउटफिट में खूबसूरत अंदाज में पोज देती दिखी हैं। उन्होंने अपनी फेवरेट सीरीज के बारे में भी बताया।*

### पंचायत का किया जिक्र

*पंचायत सीरीज फेम एक्ट्रेस सानविका भी अवॉर्ड इवेंट में पहुंचीं। उन्होंने अपने एलीगेंट लुक से चार चांद लगा दिए। उनसे जब इस साल की फेवरेट सीरीज के बारे में पूछा गया तो उन्होंने मुस्कुराते हुए पंचायत का नाम लिया। उन्होंने इस सीरीज में फैसल मलिक का प्रहलाद चा का किरदार अपना पसंदीदा बताया। फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स में मनीषा रानी भी स्टाइलिश लुक में पहुंचीं। ब्लू कलर के आउटफिट में वे दिलकश पोज देती दिखीं।*

# सोमेश्वर की मेनका बनीं फ्लाइंग आफिसर

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के युवक-युवतियों में देश की सुरक्षा की लगन हमेशा से रही है। ऊंचापुल हिम्मतपुर मल्ला कृष्णा एन्क्लेव निवासी मेनका भोजक ने एयर फोर्स में फ्लाइंग आफिसर बनकर देश की हवाई सीमा की सुरक्षा का बीड़ा उठाया है।

सोमेश्वर घाटी के सुतौली गांव की मूल निवासी मेनका के पिता कैप्टन बीएस भोजक व ताऊ राजेन्द्र सिंह भी सेना से सेवानिवृत्त हैं। एयर फोर्स अकादमी हैदराबाद में पासिंग आउट परेड में अंतिम पग रखते ही मेनका भारतीय वायु सेना की हिस्सा बन गई। मेनका को आशीर्वाद देने के लिए उनकी 80 वर्षीय दादी हैदराबाद पहुंचीं। मेनका की प्रारम्भिक शिक्षा पिथौरागढ़ में हुई। बी.काम के बाद बिना कोचिंग के मेनका ने वायु सेना में अधिकारी बनने की अपनी मंजिल हासिल की है। देवभूमि की अन्य युवतियों के लिए मेनका प्रेरणा साबित हुई हैं। मेनका ने सोमेश्वर के साथ उत्तराखंड का नाम रोशन किया है।



## News कॉर्नर

### तीन बीएलओ को शासन द्वारा निलंबित किये जाने के आदेश को रद्द किया हाईकोर्ट ने

नैनीताल । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून व बड़कोट क्षेत्र के तीन बीएलओ को शासन द्वारा निलंबित किये जाने के आदेश को रद्द कर दिया है । इन बीएलओ को 5 दिसंबर को निलंबित किया गया था। बता दें निलंबित बीएलओ गजेंद्र सिंह नेगी,दीपक कुमार व दीपक सिंह ने अपने निलंबन आदेश को चुनौती देते हुए कहा कि उन्हें निलंबन से पूर्व कारण बताओ नोटिस नहीं दिया गया जो कि नियमों के खिलाफ है। उनके अधिवक्ता ने नियमों का हवाला देते हुए कोर्ट को बताया कि निलंबन तभी होगा जब आरोप पत्र दिया जाएगा । इन बीएलओ पर ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं का नाम शहरी क्षेत्र के मतदाता सूची में दर्ज करने का आरोप है । ये तीनों सिंचाई विभाग के कर्मचारी हैं। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में हुई।

### क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन, जिला क्रीड़ा अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया

रुद्रपुर। खेल निदेशालय उत्तराखंड की ओर से एवं जिला खेल प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला खेल कार्यालय ऊधमसिंह नगर ने विजय दिवस के शुभ अवसर पर मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर मै क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की द्वारा हरि झंडी दिखाकर क्रॉस कंट्री दौड़ का शुभारंभ किया। जिसमें 100 बालकों एवं 20 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया।जिसमें बालक वर्ग में पुष्कर चंद, धीरज सिंह बिष्ट, अनुपम, दीपक कुमार,भावेश, अभिषेक के अलावा बालिका वर्ग में अजरा वियाशा, दीपा रावत, गुंजन, चांदनी, खुशी रॉय, डोली। शामिल रहे। यहां सहायक प्रशिक्षक हरीश राम, मोहित, एथलेटिक्स प्रशिक्षक ममता बोहरा,सुधा जोशी, मोहमद आमिर समेत अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# अलायन्स आर्गेनाइजेशन देहरादून ग्रुप के कलाकारों की देवीधुरा के बग्वाल नृत्य प्रस्तुति

नैनीताल

हमारे संवाददाता

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से नगर के प्रतिष्ठित सीआरएसटी इंटर कालेज के सभागार में सोमवार को अलायन्स आर्गेनाइजेशन देहरादून ग्रुप के कलाकारों की ओर से देवीधुरा के बग्वाल नृत्य का भव्य प्रदर्शन किया गया। कलाकारों की प्रस्तुति को सभी दर्शकों ने बेहद सराहा।

बता दें एलायंस ऑर्गेनाइजेशन देहरादून के कलाकारों द्वारा प्राचीन लोक परंपरा देवीधुरा का बग्वाल नृत्य की सांस्कृतिक प्रस्तुति गुरु एवं निर्देशक माया राणा के कुशल निर्देशन में हुई जिसमें कलाकारों के रुप में शिखा, भुवन कुमार, रिया,



दीपा, शीतल व लवी अधिकारी तथा आशीष, महिपाल, हरीश तथा हिमांशु और धीरज ने अपनी उत्कृष्ट कला का अद्भुत प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया जबकि वाद्य कलाकारों में अजय कुमार, गौरव कुमार तथा भुवन कुमार और कैलाश ने सुन्दर प्रदर्शन किया। इससे पूर्व कार्यक्रम के मुखय अतिथि सीआरएसटी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य मनोज पाण्डेय तथा विशिष्ट अतिथि शोभन सिंह ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया,इस दौरान माँ बराही की विधिवत पूजा अर्चना की गयी तत्पश्चात देवीधुरा के बग्वाल नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी गई। उल्लेखनीय है कि माँ वराही धाम देवीधुरा में मनाया जाने वाला बग्वाल पाषाण युद्ध के रूप में प्रसिद्ध है जो भाई-बहन के अटूट प्रेम, आपसी सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक माना जाता है। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया। इस मौके पर शिक्षकगण, छात्रों एवं अभिभावकों की सहभागिता से वातावरण अत्यंत उल्लासपूर्ण रहा। अंत में अलायन्स आर्गेनाइजेशन देहरादून उत्तराखंड की निर्देशक माया राणा ने सभी का आभार जताया।

# खटीमा तुषार हत्याकांड में दो और नामजद फरार अभियुक्त गिरफ्तार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

खटीमा क्षेत्र में बीते दिनों हुई सनसनीखेज हत्या के मामले में जनपद पुलिस ने दो और नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 12 दिसंबर की रात कोतवाली खटीमा क्षेत्र रोडवेज बस स्टेशन के सामने मारपीट की एक गंभीर घटना हुई थी। इस घटना में तुषार शर्मा समेत तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया था। यहां पर उपचार के दौरान तुषार की मृत्यु हो गई। जबकि सलमान और अभय उर्फ बाबू गंभीर रूप से घायल हुए थे।

इस मामले में 13 दिसंबर को मृतक तुषार शर्मा के पिता मनोज शर्मा की तहरीर के आधार पर हाशिम, गुफरान, समीर, पप्पू चाय वाला, शहबाज समेत अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। घटना के



खुलासे के लिए पुलिस टीमें गठित की गई। उन्होंने बताया कि 13 दिसंबर की देर रात अभियुक्त हाशिम को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर किया था। कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे हल्द्वानी जेल भेजा गया। उन्होंने बताया कि सोमवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मजगमी पुल के पास सितारगंज रोड से अभियुक्त गुफरान पुत्र मोहम्मद सद्दीक उर्फ पप्पू चाय वाला तथा समीर उर्फ मैरी पुत्र मोहम्मद यामीन कहीं जाने की फिराक में है। पुलिस ने सूचना पर कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर पहुंच दोनों को दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस अन्य की कर रही है। घटना में शामिल अभियुक्तों की चल एवं अचल संपत्तियों की भी जांच की जा रही है।अपराध में सॉलिप्त किसी भी व्यकि को बख्शा नहीं जाएगा।

# मैक्स देहरादून में सफल कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी से बच्चे को मिली नई सुनने की क्षमता

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

निवासी एक वर्षीय बच्चे, जो जन्म से ही दोनों कानों में सीवियर टू प्रोफाउंड हियरिंग लॉस से पीड़ित था, का मैक्स अस्पताल, देहरादून में सफलतापूर्वक कॉक्लियर इम्प्लांट ऑपरेशन किया गया।

यह अत्याधुनिक और महत्वपूर्ण सर्जरी वरिष्ठ ईएनटी सर्जन डॉ. इरम (मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून) एवं डॉ. हेतल (KEM हॉस्पिटल, मुंबई) द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न की गई। इस सर्जरी के दौरान सनवाल क्लिनिक ऑफ स्पीच एंड हियरिंग की ऑडियोलॉजिस्ट डॉ. अंजलि सनवाल ने न्यूरल रिस्पांस टैलीमैट्री (NRT) की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक किया। NRT कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी का एक अत्यंत महत्वपूर्ण चरण होता है, जिसके माध्यम से इम्प्लांट के इलेक्ट्रोड्स और श्रवण तंत्रिकाओं की प्रतिक्रिया की जांच की जाती है, जिससे इम्प्लांट के सही कार्य और भविष्य में बेहतर सुनने के परिणाम सुनिश्चित होते हैं। डॉ. सनवाल ने यह भी बताया कि जन्म के तुरंत बाद न्यूबॉर्न हियरिंग स्क्रीनिंग अवश्य करानी चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की सुनने की समस्या का समय रहते पता लगाकर शीघ्र उपचार शुरू किया जा सके। सनवाल क्लिनिक ऑफ स्पीच एंड हियरिंग में सुनने की सभी प्रकार की आधुनिक जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिसके लिए कुमाऊँ ही नहीं बल्कि दूर-दराज क्षेत्रों से भी लोग यहां आते हैं।





# हाईकोर्ट ने दिए आज जॉइंट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर को पेश होने के निर्देश

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने परिवहन विभाग के द्वारा विक्रम ऑटो की 7 सीटर को 6 सीटर करने के आदेश को चुनौती देती विशेष अपील पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा है कि बिक्रम ऑटो की फोटोग्राफी करके कोर्ट मे प्रस्तुत करें साथ में कोर्ट ने जॉइंट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर को कोर्ट मे विडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंगलवार (आज) को पेश होने को कहा है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई मंगलवार (आज) भी जारी रखी है।

बता दें सोमवार को मामले की सुनवाई मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। मामले के अनुसार बिक्रम जन कल्याण समिति ने उच्च न्यायलय मे याचिका दायर कर कहा है कि परिवहन विभाग ने आदेश जारी कर कहा है कि वे विकम ऑटो मे 7 सवारी के बजाय 6 सवारी ही ले जा सकते हैं अगर 6 से ज्यादा सवारी ले जाने में पकड़े जाते हैं तो 20 हजार का जुर्माना और उनके टैकस से जुड़े कार्य भी नहीं होंगे। कहा कि चालक की सीट के बगल वाली सीट पर कोई भी सवारी नहीं बैठा सकते हैं। उस सीट को फ इबर या लोहे की रोड से बंद करना करें ताकि



दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके। परिवहन विभाग ने सन् 2019 में भी इस पर रोक लगाई गयी थी लेकिन ऑटो चालकों ने इस नियम का अनुपालन नहीं किया गया वे 6 सवारी के बजाय 8 या 10 सवारी ले जा रहे हैं जिसकी वजह से दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। पूर्व में एकल पीठ ने परिवहन विभाग के इस आदेश को सही पाया और विक्रम संचालकों की याचिका को निरस्त कर दिया था।

इस आदेश को उनके द्वारा खंडपीठ मे विशेष अपील दायर कर चुनौती दी गयी जिसपर कोर्ट ने अब सोमवार को सुनवाई करते हुए उक्त आदेश जारी कर जॉइंट ट्रांसपोर्ट कमीशनर को विडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट मे मंगलवार (आज) पेश होने को कहा है साथ में कोर्ट ने याचिका कर्ता से कहा है की वे विक्रम ऑटो की फोटोग्राफी करके कोर्ट मे पेश करें।

### राज्य आंदोलनकारी गुरुरानी ने किया पौधरोपण

नैनीताल । राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान सोमवार को 518 वें दिन भी जारी रहा।

पौधारोपण अभियान के 518 वें दिन नैनीताल में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया। अभियान में नरेंद्र सिंह व दिव्यांशु शाही भी उपस्थित रहे। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

# बंगाली एकता मंच: आरक्षण के लिए 2027 तक लड़ेंगे

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

अखिल भारतीय बंगाली एकता मंच के संस्थापक सुब्रत कुमार विश्वास ने बंगाली समाज को आरक्षण दिलाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा, 2027 से पहले हर प्रयास करेंगे, वरना भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे। सुब्रत विश्वास ने सरकार पर बंगाली हिंदुओं की उपेक्षा का आरोप लगाया। उनका कहना था कि क्या बंगाली हिंदू नहीं? फिर एससी आरक्षण और अधिकारों से दूर क्यों? उन्होंने नीति स्पष्ट करने की मांग की, वरना बंगाली समाज सड़कों पर उतरेगा। बंगाली युवा नेता सुब्रत विश्वास लगातार बंगाली समाज के लोगों को विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आरक्षण और उनके अधिकारों के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है। बंगाली समाज के अधिकारों की आवाज बुलंद करते हुए कहा कि समुदाय के आरक्षण और मौलिक अधिकारों को सुनिश्चित कराने के लिए संगठन निरंतर क्षेत्र में अभियान चला रहा है। वर्ष 2027 से पहले बंगाली समाज को आरक्षण का लाभ दिलाने की दिशा में हर संभव प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने भाजपा सरकार पर बंगाली समाज की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें अनुसूचित जाति का दर्जा और आरक्षण से दूर क्यों रखा जा रहा है। सरकार अपने रुख को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट करे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर भाजपा सरकार ने बंगाली समाज के साथ हो रहे भेदभाव पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो पूरे उत्तराखंड में विरोध आंदोलन किया जाएगा। यह संघर्ष केवल आरक्षण का नहीं, बल्कि बंगाली समाज के सम्मान और भविष्य की रक्षा का है।

बैठक में बंगाली समाज के एकजुट होने पर जोर दिया गया। इस दौरान अभिमन्यु साना, गायक कलाकार दीपांकर विश्वास, सुब्रत कुमार विश्वास, रीना मंडल, सुनीता मंडल, राधा विश्वास, अंकित अधिकारी, मोहनी राय, शिल्पा मजूमदार आदि मौजूद रहे।

# नैनीताल में आने वाले पर्यटकों के लिए विशेष योजना तैयार

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन पर वर्ष भर पर्यटन प्रदेश में चलता रहें जिसको लेकर सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। जिला प्रशासन ने नैनीताल में आने वाले पर्यटकों के लिए विशेष योजना तैयार की है जिसको लेकर सोमवार को कलेट्रट सभागार में अपर जिलाधिकारी विवेक रॉय ने प्रेस वार्ता की।

प्रेस वार्ता के दौरान अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने बताया कि विंटर सीजन को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन विशेष प्लान तैयार कर रहा है,राय के मुताबिक थर्टी फर्स्ट 31 दिसंबर (बुधवार) को ट्रैफि क मैनेजमेंट को लेकर विस्तृत प्लान



बनाया जा रहा है ताकि पर्यटकों को कम से कम असुविधा हो, इसके साथ ही होम स्टे के माध्यम से हाउस ऑफ हिमालयास व महिलाओं द्वारा बनाए गए स्थानीय उत्पादों को पर्यटकों तक पहुंचाने का भी प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नैनीताल में 22 से 26 दिसंबर तक विंटर कार्निवल का आयोजन किया जाएगा जिसमें ट्रेकिंग, रॉक कलाइबिंग समेत बर्ड वॉचिंग सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इन कार्यक्रमों में फिल्मी सितारों के साथ उत्तराखंड के स्थानीय कलाकार भी प्रस्तुति देंगे। फ रवरी माह में रामनगर स्थित तुमड़िया डैम में वर्ल्ड बर्ड वॉचिंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा वहीं भीमताल व कोटाबाग में पैराग्लाइडिंग तथा मुक्तेश्वर में फूलों से जुड़े आयोजन जबकि देवस्थल में एरीज के माध्यम से एस्ट्रो कार्यक्रम तथा धानाचूली समेत मुक्तेश्वर, भटेलिया व रामगढ़ में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। इस दौरान उप जिलाधिकारी नावाजिश खालिक तथा पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी मौजूद रहें।

**आयोजन**

- 22 से 26 दिसंबर तक विंटर कार्निवल का आयोजन
- नैनीताल में पत्रकार वार्ता में बोले एडीएम विवेक राय